कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
कॅरियर काउंसिलिंग सत्र आयोजित

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केन्द्रीय ग्रन्थालय के तत्वाधान में छात्राओं को रोजगारोपयोगी जानकारी प्रदान करने कॅरियर काउंसिलिंग के सत्र आयोजित किये जा रहे हैं।

ग्रन्थपाल डॉ. रीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को अपने विषय से संबंधित रोजगार तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में नई जानकारियाँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रन्थालय विभाग द्वारा प्रतिदिन काउंसिलिंग सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। विगत दिनों बी.एससी. प्रथम वर्ष गणित एवं बायोलॉजी की छात्राओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में पुस्तकालय का किस प्रकार उपयोग लाभप्रद होगा इस पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को ई-लाईब्रेरी का बेहतर उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ग्रन्थालय की इस पहल को सराहनीय बताते हुए रोजगार की विभिन्न सूचनाएँ विद्यार्थियों को समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

महाविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल द्वारा भी व्यक्तित्व विकास एवं कैम्पस चयन के संबंध में विभिन्न आयोजन किये जाते हैं जिसका लाभ छात्राएँ उठाये इसका आव्हान किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)